# बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड,पटना

(निबंधित कार्यालय : विद्युत् भवन, बेली रोड, पटना)

अधिसूचना संख्या—09———————————— दिनांक 10.01.2017

H-II/Misc-Committee(Cadre Formation)-8030/15

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों में कार्यरत सूचना प्रौद्योगिकी संवर्ग (IT Cadre) के कर्मियों के लिए संवर्ग नियमावली के गठन हेतु होल्डिंग कम्पनी के कार्यालय आदेश संख्या—1073 दिनांक 02.09.2016 द्वारा गठित समिति से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में तैयार सूचना प्रौद्योगिकी संवर्ग नियमावली, 2016 (IT Cadre Rule, 2016) को निदेशक मण्डल की दिनांक 01.12.2016 को सम्पन्न 52वीं बैठक में अनुमोदित किया गया।

तदनुसार, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों के प्रौद्योगिकी संवर्ग (IT Cadre) के कर्मियों के लिए नियुक्ति, प्रोन्नति एवं संवर्ग नियमावली हेतु सूचना प्रौद्योगिकी संवर्ग नियमावली, 2016 अधिसूचित किया जाता है।

आदेशानुसार,
ह0/—
(सुनील कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक (कार्मिक)।

ज्ञापांक———————— दिनांक————————

प्रतिलिपि अनुलग्नक सहित अध्यक्ष—सह—प्रबंध निदेशक के अवर सचिव/तकनिकी सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/निदेशक (प्रशासन) के आप्त सचिव/प्रबंध निदेशक, BSPGCL/NBPDCL/SBPDCL/ BSPTCL के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0:— तथैव

ह0/—
(सुनील कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक (कार्मिक)।

ज्ञापांक———————— दिनांक————————

प्रतिलिपि अनुलग्नक सहित सभी महाप्रबन्धक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी महाप्रबन्धक—सह—मुख्य अभियंता/सभी महाप्रबन्धक (राजस्व)/सभी उप महाप्रबन्धक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी उप महाप्रबन्धक—सह—विद्युत अधीक्षण अभियंता/सभी वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी अवर सचिव/कम्पनी सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0:— तथैव

ह0/—
(सुनील कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक (कार्मिक)।

ज्ञापांक—10—————— दिनांक—10.01.2017

प्रतिलिपि अनुलग्नक सहित उप महाप्रबन्धक (आई0टी0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0:— तथैव

10/01/2017
(सुनील कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक (कार्मिक)।

10/1/17

DBA/I.T Manager
11/01/17

09/DGM(IT)
11/01/17

# सूचना प्रौद्योगिकी सेवा संवर्ग नियमावली, 2016

बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के पुनर्गठन के पश्चात् बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी एवं उसके अनुषंगी कम्पनी में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग के विस्तार के साथ पूर्ववर्ती बोर्ड द्वारा इस संबंध में निर्गत नियम अप्रांसगिक हो गये हैं। वर्तमान में बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी एवं उसके अनुषंगी कम्पनी में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) से संबंधित कार्यो के लिए विभिन्न स्तर के कर्गियों की नियुक्ति होने के कारण इसके लिए एक संवर्ग संरचना के गठन की आवश्यकता है। अतः सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी संगठनात्मकं ढांचे हेतु निर्गत सभी आदेशों, विनियमों को सशोधित करते हुये विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 131, 133 एवं अन्य लागू उपबंधों के अन्तर्गत राज्य सरकार के उर्जा विभाग की अधिसूचना संख्या 17 दिनांक 30.10. 2012 के तहत बिहार राज्य विद्युत बोर्ड सुधार अन्तरण स्कीम, 2012 की कंडिका 6.8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एतद् द्वारा निम्नलिखित नियमावली विनियमित करता है:—

1– संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ :–

(i) यह नियमावली *''बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड–सूचना प्रौद्योगिकी सेवा संवर्ग नियमावली, 2016''* कहलायेगी ।

(ii) यह नियमावली बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं उसके अनुषंगी कम्पनी की सभी सीमाओं, जिनमें सभी विद्युत आपूर्ति क्षेत्र एवं संचरण परिक्षेत्र (जोन्स), ताप एवं जल विद्युत शक्ति उत्पादन केन्द्र एवं परियोजनाएँ शामिल हैं, जहॉ तक इसका संबंध हो, पर लागू होगी ।

(iii) यह नियमावली अधिसूचना की तिथि से प्रवृत्त होगी ।

2– परिभाषाएँ :– जब तक कि कोई बात, विषय या संदर्भ इस के विरूद्ध न हो ।

(i) विद्युत आपूर्ति क्षेत्र से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं उसके अनुषंगी कम्पनी के तहत गठित विद्युत आपूर्ति क्षेत्र।

(ii) कम्पनी से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कम्पनी ।

(i) संवर्ग से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं उसके अनुषंगी कम्पनी का सूचना प्रौद्योगिकी सेवा संवर्ग

(ii) संवर्ग पदाधिकारी /कर्मी से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं उसके अनुषंगी कम्पनी में सूचना प्रौद्योगिकी सेवा संवर्ग के सदस्य।

(iii) नियुक्ति प्राधिकार से अभिप्रेत है :– अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

(iv) अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ।

(v) अध्यक्ष से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी के अध्यक्ष, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के अध्यक्ष, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रेब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के अध्यक्ष ।

(vi) निदेशक (प्रेशासन) से अभिप्रेत है– बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के निदेशक (प्रशासन)

(vii) प्रबंध निदेशक से अभिप्रेत है– बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक।

(viii) नियंत्री कम्पनी से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड ।

(ix) सहायक अनुषंगी कम्पनी से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड एवं नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड।

(x) उत्पादन कम्पनी से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड ।

(xi) संचरण कम्पनी से अभिप्रेत है – बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड ।

(xii) वितरण कम्पनी से अभिप्रेत है – साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड एवं नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड ।

(xiii) राज्य सरकार से अभिप्रेत है – बिहार सरकार।

3– <u>सूचना प्रौधोगिकी सेवा संवर्ग का सृजन</u>– यह एक केन्द्रीय संवर्ग होगा जिसे बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के सूचना प्रौधोगिकी सेवा संवर्ग के रूप में जाना जाएगा । यह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी एवं उसके अनुषंगी कम्पनी में सूचना प्रौधोगिकी से सम्बधित सभी कियाकलापों और स्थापनाओं का प्रबंधन एवं संचालन करेगा ।

4. <u>प्राधिकृत स्थायी बल</u> :– **इस नियमावली के प्रवृत्त होने की तिथि को पूर्ववर्ती बिहार राज्य विद्युत बोर्ड एवं सम्प्रति बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसके सभी अनुषंगी कंपनी के पत्रक (रौल) पर मौजूद** प्रौधोगिकी सेवा संवर्ग के सभी पदाधिकारी/कर्मी इसके सदस्य होगें। **निम्नलिखित उसमें शामिल किये जायेगें:–**

(1) चीफ डाटा बेस ऐडमिन्सट्रेटर/ डाटा बेस ऐडमिन्सट्रेटर/आई0 टी0 मैनेजर एवं सिस्टम एनालिसिस्ट/सहायक आई0 टी0 मैनेजर एवं प्रोग्रामर/आई0 टी0 सुपरवाईजर/सहायक डाटा सुपरवाईजर/कम्पुयटर ऑपरेटर सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर / आई0 टी0 अस्सिटेंट एवं ऑफिस अस्सिटेंट सह लिपिक।

(2) सभी पदाधिकारी/कर्मी जो बाद में चलकर आई0टी0 सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर कार्यरत होगें।

(3) आरंभतः नियुक्त तथा परिवीक्षा पर रखें गये सूचना प्रौधोगिकी सेवा संवर्ग के सभी पदाधिकारी / कर्मी

5. <u>सूचना प्रौधोगिकी सेवा संवर्ग के विभिन्न ग्रेड/पद</u>

(i) सूचना प्रोद्योगिक सेवा संवर्ग के विभिन्न स्तर के पद, उनका वर्गीकरण तथा नियुक्ति प्राधिकार निम्नानुसार होगा :–

| क्र0 | पदमान | वेतनमान/ग्रेड–पे | नियुक्ति प्राधिकार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आई0 टी0 अस्सिटेंट (IT Assistant) | पे–बैण्ड–01 (5200–20200/–) ग्रेड–पे–3200/– | अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक | प्रवेश स्तर का पद |
| 2 | आई0 टी0 सुपरवाईजर (IT Supervisor) | पे–बैण्ड–02 (9300–34800/–) ग्रेड–पे–4200/– | अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक | प्रोन्नति का पद |
| 3 | सहायक आई0 टी0 मैनेजर (Assistant I.T. Manager) | पे–बैण्ड–02 (9300–34800/–) ग्रेड–पे–4700/– | अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक | आवश्यकतानुसार 70% पद पर सीधी नियुक्ति/ 10% पद पर आंतरिक नियुक्ति/ 20% पद–प्रोन्नति का पद। |
| 4 | आई0 टी0 मैनेजर (IT Manager) | पे–बैण्ड–04 (15600–39100/–) ग्रेड–पे–5500/– | अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक | आवश्यकतानुसार 40% पद पर सीधी नियुक्ति 60% पद–प्रोन्नति का पद। |
| 5 | डाटा बेस ऐडमिन्सट्रेटर (Data Base Administrator) | पे–बैण्ड–03 (15600–39100/–) ग्रेड–पे–6650/– | अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक | प्रोन्नति का पद |
| 6 | चीफ डाटा बेस ऐडमिन्सट्रेटर (Chief Data Base Administrator) | पे–बैण्ड–03 (37400–67000/–) ग्रेड–पे–8700/– | अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक | प्रोन्नति का पद/ आवश्यकतानुसार सीधी नियुक्ति/चयन किया जा सकेगा। |

(1) पूर्ववर्ती बोर्ड के का0आ0सं0 1706 दिनांक 07.06.2011 द्वारा स्वीकृत किये गये ऑफिस असिस्टेंट सह लिपिक (Office Assistant cum Clerk) के 22 पद एवं इन पदों पर कार्यरत ऑफिर असिस्टेंट सह लिपिक को IT Assistant के स्वीकृत पद के साथ समाहित किये जायेगें और IT Assistant के रूप में पद नामित किये जायेगें।

(2) पूर्ववर्ती बोर्ड के का0आ0सं0 2199 दिनांक 21.06.2012 द्वारा स्वीकृत किये गये सहायक डाटा सुपरवाईजर के 03 पद तथा का0आ0सं0 5224 दिनांक 10.09.1990 द्वारा कम्पुयटर ऑपरेटर सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के 02 पद एवं इन पदों पर कार्यरत सहायक डाटा सुपरवाईजर को IT Supervisior के स्वीकृत पद में समायोजित समझा जायेगा।

(3) पूर्ववर्ती बोर्ड के का0आ0सं0 5224 दिनांक 10.09.1990 द्वारा स्वीकृत किये गये प्रोग्रामर के 02 पद को Assistant I.T. Manager के स्वीकृत पद में समायोजित समझा जायेगा।

(4) पूर्ववर्ती बोर्ड के का0आ0सं0 5224 दिनांक 10.09.1990 द्वारा स्वीकृत किये गये सिस्टम एनालिसिस्ट के 01 (एक) पद को IT Manager के स्वीकृत पद में समायोजित समझा जायेगा। वर्त्तमान में इस पद पर कोई कार्यरत नही है।

6. <u>पदों की अनुमान्यता :–</u>

कंपनीवार सूचना प्रौद्योगिक सेवा के स्वीकृत पदों का पदनाम एवं संख्या निम्नवत् होगी :–

| क्र0 सं0 | कंपनी का नाम | पदनाम / संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | CDBA (G.P 8700) | DBA (G.P6650) | IT Manager (G.P 5500) | Assistant IT Manager (G.P 4700) | IT Supervisor (G.P 4200) (40% of the Sanctioned post of Asstt. IT Manager) | IT Assistant (G.P 3200) |
| 1 | BSPHCL | 01 | 03 | 06 | 10 | 4 | 10 |
| 2 | NBDPCL | 01 | 01 | 38 | 124 | 50 | 386 |
| 3 | SBPDCL | 01 | 01 | 51 | 166 | 65 | 492 |
| 4 | BSPTCL | 01 | 01 | 05 | 14 | 6 | 47 |
| 5 | BSPGCL | 01 | 02 | 03 | 12 | 5 | 20 |
| | **Grand Total** | **05** | **08** | **103** | **326** | **130** | **955** |

(1) <u>कंपनी मुख्यालय स्तर पर पद</u>

1. Chief Data Base Administrator
2. Data Base Administrator
3. IT Manager
4. Assistant I.T. Manager
5. IT Supervisor
6. IT Assistant

(2) <u>क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर पद</u>

7. Data Base Administrator <u>(एक पद BTPS के लिए)</u>
8. IT Manager
9. Assistant I.T. Manager
10. IT Supervisor
11. IT Assistant

(3) उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हता/वेतनमान/अनुभव/चयन प्रक्रिया आदि निम्नलिखित होगी :–

(क) **Chief Data Base Administrator**

| | |
|---|---|
| पद की संख्या | 5 (five) (One each for BSPHCL, NBPDCL, SBPDCL, BSPGCL & BSPTCL) |
| वेतनमान | सीधी नियुक्ति पर Rs. 70,000-1,12,000 (4% annual increment). दो वर्षो की परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात् वेतनमान PB-IV में Rs. 37400-67000, GP-8700 देय होगा। |
| पद पर प्रोन्नति हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | 1. शैक्षणिक – B.E./B.Tech. (Computer Science/ IT) with first class/ MCA from any Govt. recognized institution/ university.<br>2.अनुभव(सीधी नियुक्ति/चयन के लिए)– न्यूनतम् 8 year experience in handling large database project with knowledge of Oracle/SQL/MY SQL/ Dot net/ Java/ PHP and Android based applications. |

(ख) **Data Base Administrator**

| | |
|---|---|
| पद की संख्या | 8 (Eight) (NBPDCL, SBPDCL, BSPTCL कंपनी के लिए एक–एक पद एवं BSPHCL के लिए तीन पद, जिसमें से एक पद मुख्यालय एवं दो पद डाटा सेंटर के लिए एवं BSPGCL के लिए दो पद, जिसमें से एक पद मुख्यालय एवं एक पद BTPS के लिए) |
| वेतनमान | सीधी नियुक्ति पर Rs. 42,000-67,000 (4% annual increment). दो वर्षो की परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात् वेतनमान PB-III में Rs. 15600-39100, GP-6650 देय होगा। |
| पद पर प्रोन्नति हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | शैक्षणिक – B.E./B.Tech. (Computer Science/ IT) with first class/ MCA from any Govt. recognized institution/ university.<br>अनुभव – (सीधी नियुक्ति पर) न्यूनतम् 5 year experience in Handling large database project with knowledge of Oracle/SQL/My SQL/ Dot Net/ Java/ PHP and Android based applications. |

(ग) IT **Manager** (103)

➢ कंपनीवार पदों की संख्या :–

- बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लिमिटेड, पटना - 06 (Six)

| मुख्यालय स्तर | डाटा सेन्टर R-APDRP | अपदा क्षतिपूर्ति केन्द्र, गया (Disaster Recovery Centre, Gaya) | कुल |
|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 1 | 6 |

- नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना –38 (Thirty Eight)

| मुख्यालय स्तर | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | कुल |
|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 28 | 38 |

- साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना – 51 (Fifty One)

| मुख्यालय स्तर | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | स्काडा | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 38 | 1 | 51 |

- बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना– 05 (Five)

| मुख्यालय स्तर | संचरण अंचल | कुल |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 |

- बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना – 03 (Three)

| मुख्यालय स्तर | BTPS | कुल |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

➢ वेतनमान :–

| | |
|---|---|
| वेतनमान सीधी नियुक्ति होने पर | सीधी नियुक्ति पर–रू०32000-51000 (4% annual increment). दो वर्षो की परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात् वेतनमान PB-III में Rs. 15600-39100, GP-5500 देय होगा। |
| वेतनमान प्रोन्नति होने पर | PB-III में Rs. 15600-39100, GP-5500/-देय होगा। |

➢ योग्यता :–

| | |
|---|---|
| सीधी नियुक्ति हेतु अनिवार्य योग्यता | MCA from any Govt. recognized Institution/ University Or Full time 4 years B.E./ B.Tech./ B.Sc.(Engg.) in Computer Science/ IT from any Govt. recognized Institution/ University approved by AICTE. |
| प्रोन्नति के लिए | Asstt. IT Manager हेतु निर्धारित योग्यता के अनुरूप |

(घ) **Assistant IT Manager** (326)

➢ कंपनीवार पदों की संख्या :–

- बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लिमिटेड, पटना :– 10 (Ten)

| डाटा सेन्टर R-APDRP | अपदा क्षतिपूर्ति केन्द्र, गया (Disaster Recovery Centre, Gaya) | कुल |
|---|---|---|
| 8 | 2 | 10 |

- नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना–124(One hundred Twenty Four)

| आपूर्ति क्षेत्र | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | आपूर्ति अवर प्रमण्डल | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 28 | 86 | 124 |

- साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना–166 (One hundred Sixty six)

| आपूर्ति क्षेत्र | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | आपूर्ति अवर प्रमण्डल | स्काडा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 38 | 113 | 2 | 166 |

- बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना–14 (Fourteen)

| मुख्यालय स्तर | संचरण अंचल | कुल |
|---|---|---|
| 4 | 10 | 14 |

- बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना– 12 (Twelve)

| मुख्यालय स्तर | BTPS | कुल |
|---|---|---|
| 2 | 10 | 12 |

➢ वेतनमान :–

| | |
|---|---|
| वेतनमान सीधी नियुक्ति होने पर | 22500-36000 (4% annual increment). दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात् वेतनमान PB-II Rs. 9300-34800, GP-4700 देय होगा। |
| वेतनमान प्रोन्नति होने पर | वेतनमान PB-II में Rs. 9300-34800, GP-4700 |

➢ योग्यता :–

| | |
|---|---|
| सीधी नियुक्ति हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | MCA from any Govt. recognized Institution/ University Or Full time 4 years B.E./ B.Tech./ B.Sc.(Engg.) in Computer Science/ IT from any Govt. recognized Institution/ University approved by AICTE. |
| प्रोन्नति के लिए | IT Supervisior/ IT Asstt. हेतु निर्धारित योग्यता के अनुरूप |

(ड.) **IT Supervisor (Data Supervisor)**

पदों की संख्या –130 पद (Assistant IT Manager के कुल 326 स्वीकृत पद का 40%)। कम्पनीवार पदों का वितरण तदनुसार आकलित किया जायेगा

❖ वेतनमान :–

| | |
|---|---|
| प्रोन्नति होने पर | वेतनमान PB-II में Rs. 9300-34800, GP-4200 देय होगा। |

❖ योग्यता :–

| | |
|---|---|
| प्रोन्नति के लिए | IT Asstt. के लिए निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप। पूर्व से कार्यरत नियमित कार्यलय सहायक–सह–लिपिक / प्रोग्रामर / डाटा इन्ट्री आपरेटर / सहायक डाटा सुपरवाईजर के मामले में उनके नियुक्ति के समय निर्धारित योग्यता अनुमान्य होगा। |

कंपनीवार पदों की संख्या :–

- **बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लिमिटेड, पटना** :– 04 (Four)
- **नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना–50**(Fifty)

| मुख्यालय | आपूर्ति क्षेत्र | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 02 | 06 | 14 | 28 | 50 |

- **साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना–65** (Sixty Five)

| मुख्यालय | आपूर्ति क्षेत्र | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 03 | 08 | 18 | 36 | 65 |

- **बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना–06** (Six)

| मुख्यालय स्तर | संचरण जोन | कुल |
|---|---|---|
| 03 | 03 | 06 |

- **बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना– 05** (Five)

| मुख्यालय स्तर | BTPS | कुल |
|---|---|---|
| 02 | 03 | 05 |

➢ पूर्ववर्ती बोर्ड के का0आ0सं0 2199 दिनांक 21.06.2012 द्वारा स्वीकृत सहायक डाटा सुपरवाईजर के 03 पद तथा का0आ0सं0 5224 दिनांक 10.09.1990 द्वारा स्वीकृत कम्प्युटर ऑपरेटर –सह–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के 02 पद अर्थात् उपरोक्त 05 पदों को IT Supervisior (Data Supervisor) के उपरोक्त अनुमान्य 130 पदों में समायोजित समझा जायेगा। इस प्रकार IT Supervisior (Data Supervisor) के अतिरिक्त 120 पदों का सृजन किया जायेगा।

➢ आवश्कयतानुसार उपर्युक्त पद वितरण को संबंधित कंपनी के सक्षम प्राधिकार/महाप्रबंधक (मा०स०/प्रशा०) द्वारा पुनर्गठित किया जा सकेगा।

(च) IT Assistant

कंपनीवार पदों की संख्या :–

- बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना - 10 (मुख्यालय स्तर पर)
- नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना

| मुख्यालय स्तर | आपूर्ति क्षेत्र | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | आपूर्ति अवर प्रमण्डल | आपूर्ति प्रशाखा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 3 | 7 | 28 | 86 | 252 | 386 |

- साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना

| मुख्यालय स्तर | आपूर्ति क्षेत्र | आपूर्ति अंचल | आपूर्ति प्रमण्डल | आपूर्ति अवर प्रमण्डल | आपूर्ति प्रशाखा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 4 | 9 | 38 | 113 | 318 | 492 |

- बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना

| मुख्यालय स्तर | संचरण जोन | संचरण अंचल | संचरण प्रमण्डल | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 06 | 20 | 11 | 47 |

- बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना

| मुख्यालय स्तर | BTPS | कुल |
|---|---|---|
| 10 | 10 | 20 |

1- BSPHCL के कार्यालय आदेश संख्या–542 दिनांक–26.05.2015 द्वारा विभिन्न कार्यालयो हेतु स्वीकृत किये गये IT Assistant के पद को उपरोक्त के अनुसार पुनर्गठित किया गया है।

2. इस प्रकार IT Assistant के कुल 955 पद अनुमान्य होते है। BSPHCL के कार्यालय आदेश संख्या–542 दिनांक–26.05.2015 द्वारा IT Assistant के कुल 527 पद सृजित किये गये है। इसके अतिरिक्त Office Assistant-cum-Clerk के 22 पद IT Assistant में समाहित होने के पश्चात् IT Assistant के कुल सृजित पद 549 होते है, इस प्रकारं शेष 406 पद समयानुसार सृजित किया जायेगा।

❖ वेतनमान :–

| | |
|---|---|
| सीधी नियुक्ति पर | 13,000-18,000 (4% annual increment). तीन वर्षो की परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात् वेतनमान PB-I Rs. 5200-20200, GP-3200 देय होगा। |

❖ शैक्षणिक योग्यता :–

| | |
|---|---|
| सीधी नियुक्ति के लिए | BCA/B.Sc. (computer science) / B.Sc. (IT)/ PGDCA.<br>पूर्व से कार्यरत Computer Data Entery Operator के लिए पूर्ववर्ती बोर्ड के कार्यालय आदेश संख्या–156 दिनांक 14/01/2008 द्वारा निर्धारित निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता लागू रहेगी।<br>i- किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री<br>ii- कम्प्यूटर एपलीकेशन में मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष या इससे अधिक का डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स।<br>iii- आठ हजार (8000) Key Depression (की –डिप्रेशन) प्रति घंटा अंग्रेजी एवं हिन्दी।<br>iv-संबंधित उम्मीदवार को एम0एस0 ऑफिस के साथ कम्प्यूटर एपलीकेशन के विविध आयामों की अच्छी जानकारी होनी चहिए। |

इसके अतिरिक्त सभी पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु निम्नलिखित अर्हता अनिवार्य होगा :–

1. भारतीय नागरिक हों
2. व्यक्ति सचरित्र हों
3. उम्र सीमा– राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सभी कोटि के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित उम्र सीमा के अनुरूप होगी।

4. नियुक्ति में आरक्षण का प्रावधान बिहार सरकार के नियम के अनुरूप होगा।
इस संवर्ग के संख्या बल में समय–समय पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन का अधिकार कम्पनी के निदेशक मंडल का होगा ।

6– सीधी भर्ती की रीति :–

(i) निम्नलिखित पदों पर सीधी नियुक्ति का प्रावधान है :–

a) Chief Data Base Administrator
b) Data Base Administrator
c) Assistant I.T. Manager
d) IT Assistant

(ii) कम्पनी द्वारा रिक्तियों की अनुमानित संख्या, निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, विभिन्न कोटि के उम्मीदवारों के लिए उम्र और आचरण का उल्लेख करते हुए महत्वपूर्ण समाचार पत्रों में प्रकाशन के जरिए अथवा ऑनलाईन इस संवर्ग की रिक्तियों को विज्ञापित कर एक निर्धारित तारीख तक आवेदन आमंत्रित की जायेगी।

(iii) आवेदन की प्राप्ति और पात्रता की जांच के पश्चात् अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उतनी संख्या में उम्मीदवारों को पत्र निर्गत किया जाएगा जो उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के आधार पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक द्वारा अनुमोदित की जायेगी।

(iv) लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर गठित मेघा सूची से अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों की अन्तर्वीक्षा एक चयन समिति द्वारा की जायेगी। अन्तर्वीक्षा–सह–चयन समिति में निम्न सदस्य होंगे :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) | – अध्यक्ष |
| (ii) | अनुषंगी कम्पनी के प्रबंध निदेशक<br>जो अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा नामित किये जायेगें। | – सदस्य |
| (iii) | अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतिनिधि पदाधिकारी | – सदस्य |
| (iv) | महा.प्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)<br>बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना | – सदस्य |
| (iii) | उप महाप्रबंधक (आई0टी0)/CDBA | – सदस्य |

(v) भर्ती के मामले में आरक्षण के अनुपालन के लिये कम्पनी राज्य सरकार की नीति से मार्ग दर्शित होगी ।

(vi) भर्ती के लिये तैयार की गयी नामिका (पैनल) नियुक्ति प्राधिकार के अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष तक प्रभावी रखी जा सकेगी। विशेष परिस्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा नामिका के प्रभाव की अवधि 6 माह तक विस्तारित किया जा सकेगा।

7– परिवीक्षा अवधि – सीधे अथवा सपरिवर्तन द्वारा इस संवर्ग में भर्ती होने पर इस सेवा का प्रत्येक सदस्य अपनी नियुक्ति की तारीख से दो वर्षों की अवधि तक परिवीक्षा पर रहेगा, जिसके उपरान्त उसे सम्पुष्ट किया जायेगा, यदि उसका सेवा–अभिलेख एवं आचरण संतोषप्रद रहा हो। इस संवर्ग में नियुक्त किसी व्यक्ति की सेवा, जिसकी सेवा परिवीक्षा अवधि के दौरान संतोषप्रद नहीं पायी जायेगी, परिवीक्षा अवधि के दौरान बिना कोई कारण बताये किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी ।

8– प्रोन्नति क्रम :–संवर्गीय पदाधिकारी/कर्मचारी का प्रोन्नति क्रम निम्न अनुसार होगा–

(1) IT Assistant से IT Supervisor
(2) IT Supervisor से Assistant IT Manager
(3) Assistant IT Manager से IT Manager
(4) IT Manager से Data Base Administrator (DBA) एवं
(5) Data Base Administrator (DBA) से Chief Data Base Administrator (CDBA)

9– (i) CDBA के पद पर प्रोन्नति :– DBA के पद से योग्यता सह वरीयता के आधार पर विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में प्रोन्नति द्वारा भरे जायेंगे।

(ii) DBA के पद पर प्रोन्नति :– IT Manager के पद से वरीयता एवं योग्यता के आधार पर विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में प्रोन्नति द्वारा भरे जायेंगे।

(iii) IT Manager के पद पर प्रोन्नति :– Assistant IT Manager के स्वीकृत पद का 40% पद पर सीधी नियुक्ति की जा सकेगी। शेष 60% पद पर विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में प्रोन्नति द्वारा भरे जायेंगे।

(iv) Assistant IT Manager के पद पर प्रोन्नति :– Assistant IT Manager के स्वीकृत पद के 70% पदों पर सीधी नियुक्ति की जा सकेगी। 10% पदों को IT Supervisor से Assistant IT Manager की वरीयता एवं योग्यता के आधार पर बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी एवं उसके अनुषंगी कम्पनी के नियमानुसार विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में प्रोन्नति द्वारा भरे जायेंगे। शेष 20% पदों को कम्पनी के अन्य कर्मियों, जो इस पद के लिए निर्धारित अर्हता/योग्यता धारित करते है, से लिखित परीक्षा के आधार पर आंतरिक नियुक्ति से भरा जायेगा।

(v) IT Supervisor के पद पर प्रोन्नति :– इसके सभी पद प्रोन्नति के पद होंगे, जो IT Assistant पद से वरीयता एवं योग्यता के आधार पर विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में प्रोन्नति द्वारा भरे जायेंगे।

(vi) IT Assistant का पद सीधी नियुक्ति के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भरी जायेगी। IT Assistant की प्रोन्नति Assistant IT Manager तक हो सकेगी। Assistant IT Manager से उपर के पद पर प्रोन्नति हेतु उस पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता धारित करना अनिवार्य होगा।

(vii) प्रोन्नति के पदों को अर्हता प्राप्त कर्मियों की अनुपलब्धता की स्थिति में बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के कार्यालय आदेष संख्या 3121 दिनांक 14.08.2013 की कंडिका 7.8 में वर्णित प्रावधान के अनुसार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध द्वारा भरा जायेगा।

10– <u>विभिन्न पदों पर प्रोन्नति हेतु न्यूनतम कालावधि निम्नप्रकार होगी</u> :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | IT Assistant से IT Supervisor | – 5 वर्ष |
| (ii) | IT Supervisor से Assistant IT Manager | – 5 वर्ष |
| (iii) | Assistant IT Manager से IT Manager | – 5 वर्ष |
| (iv) | IT Manager से Data Base Administrator (DBA) | – 5 वर्ष |
| (v) | Data Base Administrator (DBA) से Chief Data Base Administrator (CDBA) | – 10 वर्ष |

कालावधि का प्रावधान बिहार स्टेट पावर (हो0) कम्पनी लिमिटेड द्वारा जारी अद्यतन प्रावधान के अनुसार लागू होगा।

उपर्युक्त प्रोन्नति में आरक्षण के अनुपालन हेतु कम्पनी राज्य सरकार की नीति से मार्गदर्शित होगी।

11– <u>परस्पर वरीयता</u> :–

(i) इस सेवा के सदस्यों की परस्पर वरीयता का निर्धारण पद विशेष पर लगातार स्थानापन्न सेवा के सिद्धांत पर किया जायेगा ।

(ii) अगर सीधी नियुक्ति तथा प्रोन्नति प्राप्त व्यक्तियों की भर्त्ती एक ही वर्ष में होती है तो प्रोन्नत व्यक्ति वरीय होंगे ।

(iii) भर्ती होने पर इस सेवा के प्रत्येक सदस्य को एक आबंटन वर्ष दिया जायेगा और उस वर्ष के सभी नियुक्त व्यक्तियों की परस्पर वरीयता इस प्रकार होगी :–

(क) उस वर्ष के प्रोन्नत/नियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति/नियुक्ति नामिका (पैनल) में उनकी योग्यता की वरीयता क्रम से।

परन्तु इस संवर्ग के सदस्यों को जो इस नियमावली के प्रारम्भ के पूर्व नियुक्त किये गये एक आवंटन वर्ष दिया जाएगा जो वह वर्ष होगा जिसमें उनकी नियुक्ति की गयी।

(iv) कर्मियों के आपसी वरीयता का निर्धारण पूर्ववर्ती बोर्ड की अधिसूचना संख्या 113 दिनांक 08.05.1978 के आलोक में की जायेगी।

12— <u>नियुक्ति प्राधिकार</u> :— (i) IT Assistant एवं IT Supervisor के नियुक्ति प्राधिकार कंपनी के प्रबंध निदेशक/निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), BSPHCL होंगे ।

(ii) Assistant IT Manager, IT Manager, Data Base Administrator (DBA) एवं Chief Data Base Administrator (CDBA) के नियुक्ति प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक होंगे ।

13— <u>अनुशासनिक पदाधिकारी</u> :— बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के संबंध में IT Assistant एवं IT Supervisor के विरूद्ध लघु दंड देने के लिये सक्षम प्राधिकार यानि अनुशासनिक प्राधिकार महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) एवं वृहद दंड देने के लिये सक्षम प्राधिकार निदेशक (प्रशासन) होंगे। अन्य कम्पनियों के लिए IT Assistant एवं IT Supervisor के विरूद्ध लघु दंड देने के लिये सक्षम प्राधिकार यानि अनुषासनिक प्राधिकार महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) एवं वृहद दंड देने के लिये सक्षम प्राधिकार संबंधित प्रबंध निदेशक होंगे। IT Assistant एवं IT Supervisor को अनुषासनिक प्राधिकार द्वारा प्रदत लघु दंड के लिये अपीलीय प्राधिकार बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के मामले में निदेशक (मानव संसधान एवं प्रशासन) एवं अन्य कम्पनियों के लिए संबंधित प्रबंध निदेशक होंगे। वृहद् दंड के लिये अपीलीय प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक होंगे । Assistant IT Manager, IT Manager, Data Base Administrator (DBA) एवं Chief Data Base Administrator (CDBA) के विरूद्ध लघु दण्ड अथवा वृहद दण्ड देने के लिए सक्षम प्राधिकार यानि अनुशासनिक प्राधिकार बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के मामले में निदेशक (प्रशासन) एवं अपीलीय प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक होंगे। अन्य कम्पनी के मामले में Assistant IT Manager, IT Manager, Data Base Administrator (DBA) एवं Chief Data Base Administrator (CDBA) को लघु एवं वृहत दण्ड देने हेतु सक्षम प्राधिकार प्रबंध निदेशक होंगे एवं अपीलीय प्राधिकार अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक होंगे।

14— <u>संवर्ग नियंत्रण के शक्तियों का प्रत्यायोजन</u> – IT सेवा के सभी कर्मचारी /पदाधिकारी चाहे कम्पनी मुख्यालय में पदस्थापित हों या क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थापित हों उनके स्थानीय नियंत्री पदाधिकारी संबद्ध कार्यालय प्रमुख होंगे जो उनके कार्य पर नियंत्रण रखेंगे किन्तु प्रशासनिक दृष्टिकोण से ये बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं उसके अनुषंगी कम्पनी के संबंधित कम्पनी के प्रबंध निदेशक/महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0) के नियंत्रणाधीन होंगे।

15— <u>वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति/चारित्री का अभिलेखन</u> – IT सेवा संवर्ग के सभी कर्मचारी /पदाधिकारी के वार्षिक गोपनीय अभिलेखन के लिए प्रतिवेदक/समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी का निर्धारण संबंधित कम्पनी के सक्षम प्राधिकार द्वारा समय–समय पर आवश्यकतानुसार किया जायेगा। गत वर्ष के कार्यो का अपना स्वः मूल्यांकन प्रतिवेदन अपने नियंत्री पदाधिकारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रथम माह यानि 30 अप्रैल तक संबंधित कर्मी द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

16— वैसे प्रावधान जो इस नियमावली में अंकित नहीं है, का मार्गदर्शन बोर्ड/कम्पनी के सुसंगत नियमों के अनुसार होगा ।

(क) इस नियमावली के प्रारम्भ के पूर्व IT सेवा से संबद्ध पूर्व विधमान नियमावली के अधीन पूर्ववर्ती बोर्ड/कम्पनी द्वारा की गयी किसी कार्रवाई को इस नियमावली के प्रवृत होने के आधार पर चुनौती नहीं दी जाएगी ।

(ख) इस नियमावली के निर्वचन के बारे में कोई विवाद होने पर कम्पनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक/निदेशक मंडल का निर्णय अंतिम होगा।

17. इस संदर्भ में पूर्व में निर्गत सभी आदेश संशोधित समझें जायेगें।